भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3862
दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

खसरे के मामलों में वृद्धि

3862. श्री फ़िरोज़ वरुण गांधी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र (सीडीसी) द्वारा साझा की गई सूचना की जानकारी है जिसमें कहा गया है कि अप्रैल से सितम्बर 2022 के बीच विश्व में खसरे के सर्वाधिक मामले भारत में हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार खसरे के कारण होने वाली मौतों पर नजर रख रही है और यदि हां, तो उत्तर प्रदेश सहित देश भर में हुई मौतों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) ऐसी बीमारी के प्रति टीकाकरण के अंतर्गत कवर जनसंख्या का ब्यौरा क्या है और देश में अब तक कितने टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) से (ग): अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र (सीडीसी) रोगों के प्रकोपों से संबंधित आंकड़ों को नियमित रूप से अद्यतन करता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सम्पूर्ण देश में वर्ष 2022-23 में खसरे के कारण कुल 99 मौतों की सूचना मिली है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 17 मौतें शामिल हैं।

(घ): सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में कुल 2.4 करोड़ बच्चों को खसरा और रूबेला टीके की दो खुराकें दी जा चुकी हैं (एचएमआईएस के अनुसार)। इसके अलावा, एक राष्ट्रव्यापी खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान चलाया गया है जिसमें 9 महीने से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को खसरा और रूबेला टीके की अतिरिक्त डोज़ के साथ टीका लगाया गया था। इसके अतिरिक्त, खसरे के प्रकोप की सूचना देने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने टीके के कवरेज को बढ़ाने और प्रकोपों को रोकने के लिए प्रकोप अनुक्रिया प्रतिरक्षण (ओआरआई) और संपूरक प्रतिरक्षण कार्यकलाप (एसआईए) आयोजित किए हैं।

*****